पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह रविवार को वारंटियों की धरपकड़ के लिए टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने सज्जू पुत्र हमीद अंसारी निवासी मोहल्ला कहारन भिनगा को गिरफ्तार किया। इसी तरह नवीन मार्डन थान श्रावस्ती के थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने टीम के साथ एक वांरटी सोम प्रकाश पुत्र बच्चाराम निवासी कल्याणपुर थाना नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती को गिरफ्तार किया। दोनों वारंटियों को थाने लाकर जेल भेज दिया गया।